प्रश्न सं. [क्र. 997]

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 997

परिशिष्ट "अ"

इन्दौर शहर में नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु लगातार वृक्षारोपण/पौधारोपण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत लगभग 05 लाख पौधे हरियाली महोत्सव अंतर्गत लगाये गये है। अर्बन फारेस्ट के अंतर्गत कई स्थलों पर मियांबाकी पद्धति से सघन्य वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कान्ह, सरस्वती नदी एवं नालो के किनारों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य भी किया जा रहा है। निगम क्षेत्र अंतर्गत बिचोली मर्दाना में स्थिति शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखने हेतु सिटी फॉरेस्ट वर्ष 2014 में बनाया गया था जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया जा रहा है।

इस कम में इन्दौर शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना अन्तर्गत रिवरफ्रंट डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट अन्तर्गत नदी किनारे वृक्षारोपण/पौधारोपण कार्य, स्लज हाईजिनेशन प्लांट का निर्माण, गॉरबेज ट्रांसफर स्टेशन्स का निर्माण, एवं एसटीपी द्वारा पानी को ट्रीट कर नदी में छोड़े जाने का कार्य पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रस्तावित आवासीय परिसरों में पर्यावरण संरक्षण हेतु 1522 पौधे रोपित किये गये है। विगत 05 वर्षो में कोई नया सिटी फारेस्ट शहर के बाहर नही बनाया गया है।

उपायुक्त
विधानसभा प्रकोष्ठ
नगर पालिक निगम, इन्दौर

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
... विकास एवं पर्यावरण विभाग

उपयंत्री
संचालनालय नगरीय प्रशासन
एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल